<u>**लोक सभा**</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 60

17 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड

60. श्री राजेश वर्माः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बर्नपुर इकाई सहित देश में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) की विभिन्न इकाइयों में अधिकारियों की कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली में विसंगतियों से अवगत है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

<u>**उत्तर**</u>

<u>**इस्पात राज्य मंत्री**</u> <u>**श्री विष्णु देव साय**</u>

(क) और (ख): जी नहीं। तथापि, फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) की बर्नपुर इकाई के एक अधिकारी को पुरस्कृत ग्रेडिंग के विरूद्ध कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। एफएसएनएल द्वारा अभ्यावेदनों की जाँच कर ली गई है और संबंधित अधिकारी को उचित प्रत्युत्तर दे दिए गए हैं।

******